हादसा टला | पुरानी बस्ती में बड़ा हादसा टला, नपा ने मलबा हटाकर खतरनाक हिस्से को गिराया

जर्जर मकान की छत गिरी, कार क्षतिग्रस्त

कोतमा, नवभारत 28 जुलाई। कोतमा नगर पालिका क्षेत्र की पुरानी बस्ती में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक जर्जर मकान की छत का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। छत का मलबा सीधे नीचे खड़ी कार पर जा गिरा, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार जगदीश तिवारी के मकान की जर्जर छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया। मकान के बाहर खड़ी कार क्रमांक एमपी 18 सीए 4582 मलबे की चपेट में आ गई। हादसे में कार का बोनट और शीशे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

मलबा हटाकर रास्ता साफ कराया

प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक वाहन मालिक को करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने मलबा हटाकर रास्ता साफ कराया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से छत के बचे हुए खतरनाक हिस्से को भी गिरा दिया गया, ताकि दोबारा किसी तरह की दुर्घटना न हो।

इससे पूर्व होटल ढहने से हो चुकी है तीन मौतें

कोतमा में जर्जर भवनों को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि यह घटना 4 अप्रैल को कोतमा बस स्टैंड स्थित तीन मंजिला होटल के ढहने की घटना से महज करीब 200 मीटर की दूरी पर हुई है। उस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद शहर में जर्जर और अवैध बहुमंजिला इमारतों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने को लेकर लोगों में नाराजगी है।

50 से अधिक जर्जर भवनों को केवल नोटिस जारी किए

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद भी नगर पालिका द्वारा 50 से अधिक जर्जर और अवैध बहुमंजिला भवनों को केवल नोटिस जारी कर कार्रवाई की औपचारिकता पूरी की गई। लोगों का कहना है कि इन भवनों पर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो बारिश के दौरान कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

आजाद चौक में भी जर्जर मकान का हिस्सा गिराया

घटना के बाद नगर पालिका की टीम ने आजाद चौक स्थित एक अन्य जर्जर मकान के हिस्से को भी तुड़वाया, वहीं एलआईसी कार्यालय के पास झुकी हुई बाउंड्री का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने जल्द आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। कोतमा में लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बाद अब लोगों की नजर नगर पालिका की कार्रवाई पर है।

स्थायी वारंटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत। महिला थाना अनूपपुर में दर्ज अपराध में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार महिला थाना अनूपपुर में आरोपी राजकुमार पाव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में न्यायालय अनूपपुर द्वारा आरोपी के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार उइके के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ कार्रवाई करते हुए 28 जुलाई को आरोपी राजकुमार पाव को गिरफ्तार कर लिया।

पसला गांव में सर्पदंश से अधेड़ की मौत

अनूपपुर, नवभारत 28 जुलाई। कोतवाली थाना अनूपपुर क्षेत्र के ग्राम पसला में सोमवार रात जमीन पर सो रहे 46 वर्षीय अधेड़ की करैत प्रजाति के अत्यंत जहरीले सर्प के डसने से मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर पसला गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास रहने

वाले शंकर प्रसाद कोल पिता छोटू कोल उम्र 46 सोमवार रात खाना खाने के बाद अपने प्रधानमंत्री आवास के पक्के मकान में जमीन पर सो गए थे।

सांप बेहोशी की हालत में दिखाई दिया

मंगलवार सुबह काफी देर तक शंकर के नहीं उठने और कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर उनकी मां गुजरिया बाई ने नाती कमलेश प्रसाद कोल को बुलाया। परिजनों ने जब शंकर को देखा तो वह कुछ बोल नहीं रहे थे। परिजन कुछ समझ पाते, इससे पहले ही उनकी मौत हो गई। घर में खोजबीन करने पर बिस्तर के पास करीब दो से तीन फीट लंबा करैत प्रजाति का अत्यंत जहरीला सांप बेहोशी की हालत में दिखाई दिया। मृतक के बाएं कंधे पर सर्पदंश के निशान भी मिले। इसके बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

एक नजर में

सांदीपनि अलंकरण से सम्मानित होंगे प्राचार्य

अनूपपुर, नवभारत। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर उज्जैन में आयोजित होने वाले सांदीपनि अलंकरण समारोह-2026 में अनूपपुर जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बदरा के प्राचार्य भागवेंद्र सिंह चौहान को सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन में आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम अर्मो ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत सांदीपनि अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश के उन छह विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित किया जाएगा, जिनके विद्यालयों का हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम लगातार तीन वर्षों से शत-प्रतिशत रहा है।

सार्वजनिक पुस्तकालय खोलने की मांग

बिजुरी, नवभारत 28 जुलाई। नगर के वार्ड क्रमांक 15 लोहसरा के युवाओं एवं विद्यार्थियों ने क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आवेदन सौंपा है।

स्थानीय निवासी पुष्पराज यादव ने आवेदन के माध्यम से नगर में पुस्तकालय की आवश्यकता की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। आवेदन में बताया गया है कि वर्तमान में बिजुरी नगर में कोई सरकारी अथवा सार्वजनिक पुस्तकालय उपलब्ध नहीं है। इसके चलते प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन के लिए शांत एवं सुविधाजनक स्थान नहीं मिल पा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर तथा घर में अध्ययन के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं रखने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा- स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नगर में एक सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की जाती है, तो विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को पुस्तकें, समाचार-पत्र, पत्रिकाएं एवं अन्य अध्ययन सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

नहर परियोजना से प्रभावितों को दिलाया जाये मुआवजा

अपर कलेक्टर ने 41 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

अनूपपुर, नवभारत 28 जुलाई। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बलवीर रमन ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 41 आवेदकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं।

उन्होंने संबंधित विभागों के

अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

भूमि बंटवारे से संबंधित समस्या बताई

जनसुनवाई के दौरान अनूपपुर बस्ती निवासी सीताबाई कहार ने भूमि बंटवारे से संबंधित समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। वेंकटनगर तहसील जैतहरी निवासी कमलेश यादव ने नहर परियोजना से प्रभावित भूमि का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। रवि कुमार प्रजापति ने आमांडांड खुली खदान के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के एवज में नीलकंठ कंपनी में स्वरोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी।

नपा बिजुरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नशा भविष्य को अंधकारमय बना देता है : सिंह

बिजुरी, नवभारत 28 जुलाई। नगर पालिका कार्यालय परिसर में सोमवार को नशे से दूरी है जरूरी एवं साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सहविन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, मुख्य नपाधिकारी पवन साहू, नगर निरीक्षक विकास सिंह, पीआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद, संत विनोद शुक्ला सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निरीक्षक विकास सिंह ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को संकल्प लेने की आवश्यकता है। नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को अंधकारमय बना देता है। कार्यक्रम के दौरान नगर निरीक्षक विकास सिंह ने साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

26 वाहनों का चालान, 12,400 रु. जुर्माना वसूला

कोतमा में पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान

कोतमा नवभारत 28 जुलाई। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कोतमा पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

इस कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए कुल 26 वाहनों के चालान काटे गए और मौके पर ही समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो पहिया और

चार पहिया वाहनों की दस्तावेज जांच, सीट बेल्ट, हेलमेट, ओवरस्पीडिंग और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष नजर रखी गई। कुल 26 चालान हुए 26 जिसमें 23 चार पहिया वाहन: 23 एवं 3 दो पहिया वाहन रहे, 12400 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों को हिदायत दी है कि वे वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज (जैसे लाइसेंस, आरसी, बीमा) साथ रखें और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग करें। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सुगम यातायात बनाए रखने के लिए इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

ग्रामीण विकास को दी सर्वोच्च प्राथमिकता

निवर्तमान कलेक्टर के कार्यकाल को कर्मचारियों ने बताया स्वर्णिम समय

अनूपपुर, नवभारत 28 जुलाई। निवर्तमान कलेक्टर हर्षल पंचोली अपने कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, ग्रामीण विकास, कृषि, पर्यटन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किए गए कार्यों को लेकर याद किए जाएंगे।

बेहतर कार्ययोजना, समयबद्ध क्रियान्वयन और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषता

रही। उनके नेतृत्व में आदिवासी बहुल अनूपपुर जिले को प्रदेश स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए गए। कलेक्टर पंचोली ने जिले के विकास में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए नियमित निगरानी के साथ शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से संवाद कर उन्हें बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया गया।

अधोसंरचना विकास को मिली गति

जिले में सड़क, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और शैक्षणिक भवनों के सुदृढ़ीकरण सहित विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता दी गई। ग्रामीण सड़कों से लेकर मुख्य मार्गों, जल प्रदाय योजनाओं और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा एवं मार्गदर्शन किया गया।

स्कूल के खेल मैदान में जलभराव और कीचड़ से छात्र परेशान

शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अव्यवस्था

कोतमा नवभारत 28 जुलाई। स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेसिक कोतमा, जहां कक्षा 1 से 8 तक का संचालन होता है, इन दिनों परिसर में व्याप्त अव्यवस्था की वजह से चर्चा में है। बारिश के मौसम में विद्यालय का खेल का मैदान पूरी तरह से जलमग्न हो गया है, जिसके कारण छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मैदान में पानी भरा होने और अत्यधिक कीचड़ की वजह से बच्चे न तो

खेल पा रहे हैं और न ही शारीरिक गतिविधियों में भाग ले पा रहे हैं। कई बार परिसर में चलते समय या खेलते वक्त बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े और बस्ते खराब हो जाते हैं।

संक्रमण फैलने का डर

अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के बार-बार कीचड़ में गिरने से कपड़े गंदे होने के साथ-साथ चोट लगने और संक्रमण फैलने का भी डर बना रहता है। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और संबंधित प्रशासन से मांग की है कि परिसर में जल्द से जल्द मुरूम या डस्ट डलवाकर मैदान को समतल व व्यवस्थित कराया जाए, ताकि बच्चों को जलजमाव और कीचड़ से राहत मिल सके।

इनका कहना है

मैदान में पानी भरा रहने के कारण बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है। यदि समय रहते यहां मुरूम या डस्ट डलवा दी जाए, तो मैदान खेलने लायक हो जाएगा और बच्चों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी।

रमेश गुप्ता
अभिभावक

300 विद्यार्थियों को बांटी अध्ययन सामग्री

जमुना-कोतमा/भालूमाड़ा। शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए गणेश ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक आशीष मिश्रा ने मंगलवार, 28 जुलाई को पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल भालूमाड़ा में एक प्रेरणादायी पहल करते हुए लगभग 300 विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल एवं मिष्ठान वितरित किया। उपयोगी अध्ययन सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

चोरी के 13 मोबाइल बरामद, मामला दर्ज

अनूपपुर, नवभारत। रेल पुलिस चौकी अनूपपुर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 13 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 2 लाख 17 हजार रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि मोहम्मद ताहिर खान का पुत्र मिद्दीन खान उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 मुस्लिम मोहल्ला थाना जैतपुर जिला शहडोल के कब्जे में विभिन्न कंपनियों के कुल 13 मोबाइल फोन हैं। इन मोबाइलों को चोरी की संपत्ति होने की जानकारी के बावजूद अपने लाभ के लिए बेचने के उद्देश्य से रखा गया था। सूचना के आधार पर रेल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 13 मोबाइल फोन जब्त किए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 317(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

गुरु पूर्णिमा | विभिन्न आश्रमों में गुरु एवं पादुका पूजन के साथ होगा भंडारे का आयोजन, पहुंच रहे श्रद्धालु

गुरु पूर्णिमा पर होगी गुरु भक्ति की विशेष आराधना

अनूपपुर, नवभारत 28 जुलाई। पवित्र नगरी अमरकंटक में गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर विभिन्न आश्रमों में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर 29 जुलाई को नगर के प्रमुख आश्रमों में शिष्य और श्रद्धालु परंपरागत विधि-विधान से गुरु पूजन एवं पादुका पूजन करेंगे। पर्व को लेकर दूर-दराज से शिष्यों एवं श्रद्धालुओं का अमरकंटक पहुंचना शुरू हो गया है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कल्याण सेवा आश्रम, मृत्युंजय आश्रम, शांति कुटी आश्रम, मार्कंडेय आश्रम, धारकुंडी आश्रम,



बर्फानी आश्रम, गीता स्वाध्याय आश्रम सहित अन्य आश्रमों एवं देवस्थलों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कल्याण सेवा आश्रम में विशेष आयोजन

कल्याण सेवा आश्रम में तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा का आयोजन होगा। सुबह पादुका पूजन एवं गुरु पूजन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में शामिल होने के लिए शिष्यों और भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

शांति कुटी आश्रम में भागवत कथा

शांति कुटी आश्रम में 22 जुलाई से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। कथा का वाचन आचार्य श्याम महाराज द्वारा किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन के साथ आश्रम परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

मार्कंडेय आश्रम में होगा गुरु पूजन

मार्कंडेय आश्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद महाराज के शिष्यों एवं भक्तों द्वारा गुरु पूजन एवं पादुका पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रहेगी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अमरकंटक के विभिन्न आश्रमों में भक्ति, साधना और अध्यात्म से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होने से पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल रहेगा। पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

आम इश्तहार

मैं के.ए. प्रसाद अधिवक्ता अनूपपुर कार्यालय शिव मारूती मंदिर के पास अनूपपुर थाना तह. व जिला अनूपपुर म.प्र. अपने पक्षकार श्री राजेश कुमार गुप्ता पिता श्री भैरों प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड नं. 07 अनूपपुर जिला-अनूपपुर (म.प्र.) की ओर से अधिकृत होकर यह आम सूचना जारी करता हूं कि मेरे पक्षकार के द्वारा यह आम सूचना प्रकाशित कराई जा रही है कि श्री राजेश कुमार गुप्ता पिता श्री भैरों प्रसाद गुप्ता की मूल विक्रय पत्र क्रं. MP462522017A1572696 दिनांक-10/10/2017 जो ग्राम सामतपुर की ख.नं.-436/2/2/1/1/1 रकवा-0.0120 यानी 1300 वर्गफिट भूमि जिसकी चौहद्दी उ. में विक्रेता द्वारा छोड़ा गया 20 फिट का आम रास्ता, द. में आँगन बाड़ी भवन, पू. क्रेता का मकान, प. में आँगन बाड़ी भवन के लिए 15 फिट का कच्चा रास्ता स्थित है, से संबंधित उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति कहीं खो गई है या रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी पता तलाश के बाद भी नहीं मिल रही है। मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मेरे पक्षकार श्री राजेश कुमार गुप्ता ने उक्त रजिस्ट्री को किसी सरकारी या गैर सरकारी वित्तिय संस्थान में गिरवी नहीं किया और न ही उसका कोई आज दिनांक तक उपयोग किया है ये सूचना के माध्यम से आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त रजिस्ट्री के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो या किसी को मिली हो तो उक्त रजिस्ट्री को सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में उपलब्ध कर दिया जावे। उक्त संबंध में थाना अनूपपुर में लिखित सूचना पक्षकार के द्वारा दी गई है।

अनूपपुर/दिनांक-

भवदीय
के. ए. प्रसाद
एडवोकेट